रिपोर्ट

राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केन्द्र

राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर

राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर में दिनांक 25.01.2021 को महाविद्यालय में राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केन्द्र के तत्वाधान में " आयुर्वेद में रोजगार के अवसर" पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता आयुर्वेदाचार्य डॉ प्रीति गुप्ता थी। उन्होनें बताया कि आयुर्वेद में सरकारी एवं निजी दोनों ही क्षेत्रों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। अध्यापन व शोध के क्षेत्र में भी अच्छी संभावनाएं हैं। कोई भी ऐसा विद्यार्थी जिसने फिजिक्स, कैमेस्ट्रि और बायोलाजी के साथ 12वीं परीक्षा उतीर्ण की है वो बीएएमएस (BAMS) जो कि साढे पांच साल का कोर्स है, दाखिला ले सकता है। कुछ संस्थानों में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी उपलब्ध है जिनकी अवधि तुलनात्मक रूप से कम होती है। जिनकी रूचि शोध कार्य में है, उन्हें सेन्ट्रल काउन्सिलिंग फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद एंड सिद्धा के माध्यम से मौके मिलते हैं। छात्राओं की मांग पर उन्होनें कुछ प्रमुख संस्थानों के नाम भी बताये। उन्होनें छात्राओं को कम्यूनिकेशन स्किल को बेहतर बनाने की सलाह दी, जो कि लोगों को बेहतर परामर्श देने में मदद करती है। कार्यशाला को रोचक बनाते हुये उन्होनें छात्राओं के लिये प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम भी रखा, विजेता छात्राओं को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य सहित महाविद्यालय के संकाय सदस्य उपस्थित थे।